## IBPS RRB PO Prelims 2020 Memory Based Paper
## (Based on Papers of 12th September 2020)

**Q1. यदि दी गई संख्या '2145673' में, प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है और प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार गठित नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार प्रदर्शित होंगे?**
(a) कोई नहीं
(b) एक
(c) दो
(d) तीन
(e) इनमे से कोई नहीं


**निर्देश (2-6): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आठ व्यक्ति चार मंजिलों की एक इमारत में रहते हैं इस प्रकार कि सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, उसके ऊपरी मंजिल की संख्या 2 है और इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 4 है। प्रत्येक मंजिल पर दो फ्लैट हैं जैसे कि फ्लैट-P, जो कि फ्लैट Q के पश्चिम में है। मंजिल-2 का फ्लैट-P, मंजिल-1 के फ्लैट-P के ठीक ऊपर है और मंजिल-3 के फ्लैट-P के ठीक नीचे है तथा इसी प्रकार से प्रत्येक मंजिल के फ्लैट-Q समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
A एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। A, E के फ्लैट के ठीक ऊपर रहता है। B, E के पश्चिम में रहता है। D और C के बीच में एक मंजिल का अंतर है। H, D के पूर्व में रहता है। G तीसरी मंजिल पर रहता है। F और C दोनों अलग-अलग फ्लैट में रहते हैं।

**Q2. निम्नलिखित में से कौन G के फ्लैट के ठीक नीचे रहता है?**
(a) B
(b) C
(c) A
(d (b) और (c) दोनों
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q3. B और H के बीच में कितनी मंजिलों का अंतर है?**
(a) कोई नहीं
(b) दो
(c) एक
(d) या तो (a) या (c)
(e) या तो (b) या (c)

**Q4. E के संबंध में G की दिशा क्या है?**
(a) दक्षिण
(b) उत्तर-पूर्व
(c) उत्तर
(d) पूर्व
(e) उत्तर-पश्चिम



**Q5. निम्नलिखित में से किस मंजिल पर C रहता है?**
(a) मंजिल-1
(b) मंजिल-4
(c) मंजिल-3
(d) मंजिल-2
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q6. निम्नलिखित में से कौन सा H के संबंध में सत्य है?**
(a) मंजिल 4 – फ्लैट P
(b) मंजिल 3 – फ्लैट Q
(c) मंजिल 2 - फ्लैट P
(d) मंजिल 4 - फ्लैट Q
(e) मंजिल 1 - फ्लैट Q

**निर्देश (7-11): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

एक विशिष्ट कूट भाषा में,
'plan to go exam' को 'oj kr mn pc' के रूप में कूटित किया जाता है
'exam today easy' को 'si oj ly' के रूप में कूटित किया जाता है
'plan your exam today' को 'zm oj si mn' के रूप में कूटित किया जाता है
'make your plan today' को 'zm si mn rk' के रूप में कूटित किया जाता है

**Q7. दी गई कूट भाषा के अनुसार 'make' के लिए क्या कूट है?**
(a) zm
(b) mn
(c) rk
(d) pc
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q8. दी गई कूट भाषा के अनुसार 'exam' के लिए क्या कूट है?**
(a) rk
(b) pc
(c) kr
(d) oj
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q9. दी गई कूट भाषा के अनुसार 'go' के लिए क्या कूट है?**
(a) pc
(b) si
(c) kr
(d) या तो 'pc' या 'kr'
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q10. दी गई कूट भाषा के अनुसार ‘exam today’ के लिए क्या कूट है?**
(a) si oj
(b) mn kr
(c) lv si
(d) zm oj
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q11. यदि ‘easy to plan’ को ‘mn ly pc’ के रूप में कूटित किया जाता है, तो दी गई कूट भाषा के अनुसार ‘go’ के लिए क्या कूट है?**
(a) pc
(b) zm
(c) kr
(d) mn
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q12. शब्द “GRANDUAL” में अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनमें से प्रत्येक के बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने कि उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में हैं?**
(a) तीन
(b) चार
(c) दो
(d) एक
(e) पाँच

**निर्देश (13-15): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

बिंदु P, बिंदु S के 26 मीटर पश्चिम में है। बिंदु G, बिंदु P के 52 मीटर उत्तर में है। बिंदु M, बिंदु G के 39 मीटर पूर्व में है तथा बिंदु K, बिंदु G के 13 मीटर दक्षिण में है। बिंदु H, बिंदु S के 39 मीटर उत्तर में है।

**Q13. बिंदु M के संबंध में बिंदु P किस दिशा में है?**
(a) दक्षिण
(b) दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर-पूर्व
(d) पूर्व
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q14. बिंदु K और बिंदु H के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है?**
(a) 13 मीटर
(b) 26 मीटर
(c) 39 मीटर
(d) 25 मीटर
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q15. यदि बिंदु Z, बिंदु H के 13 मीटर उत्तर में है, तो बिंदु M और बिंदु Z के बीच की दूरी क्या है?**
(a) 13 मीटर
(b) 26 मीटर
(c) 39 मीटर
(d) 25 मीटर
(e) इनमे से कोई नहीं


**निर्देश (16-20): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

सात व्यक्ति- D, G, P, L, J, U और Q एक पंक्ति में उत्तर के सम्मुख होकर बैठे हैं। उन सभी की आयु अलग-अलग है। D पंक्ति के एक छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। Q, D के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। Q के बाएं बैठे व्यक्तियों की संख्या, G के दाएं बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है तथा G की आयु 20 वर्ष है। P, 35 वर्ष के व्यक्ति के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। Q की आयु 35 वर्ष नहीं है। D के निकटतम पड़ोसियों की कुल आयु 75 वर्ष है। J की आयु 30 वर्ष है। P अपने एक निकटतम पड़ोसी से 20 वर्ष बड़ा है। U, L के दाएं बैठा है, जो 25 वर्ष के व्यक्ति के निकटतम बाएं बैठा है। Q, P से 5 वर्ष छोटा है।

**Q16. L और Q के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या, P और ____ के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है।**
(a) D
(b) G
(c) U
(d) Q
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q17. Q के संबंध में J का स्थान क्या है?**
(a) बाएं से दूसरा
(b) निकटतम बाएं
(c) निकटतम दाएं
(d) बाएं से चौथा
(e) दाएं से तीसरा

**Q18. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। उसे ज्ञात कीजिए, जो इस समूह से संबंधित नहीं है?**
(a) P
(b) G
(c) J
(d) L
(e) U



**Q19. निम्नलिखित में से किसकी आयु 40 वर्ष है?**
(a) L
(b) P
(c) D
(d) U
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q20. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**
(a) J, L के दाएं बैठा है
(b) D, G के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है
(c) P किसी एक छोर पर बैठा है
(d) कोई सत्य नहीं है
(e) Q, 35 वर्ष के व्यक्ति के निकटतम दाएं बैठा है

**Q21. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
छह व्यक्तियों- P, Q, R, S, T और U का जन्म एक ही सप्ताह में सोमवार से लेकर शनिवार तक अलग-अलग दिनों पर हुआ था , लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हो। P का जन्म शुक्रवार को हुआ था। U और P के बीच में दो व्यक्तियों का जन्म हुआ था। R और S के बीच में एक व्यक्ति का जन्म हुआ था। यदि T का जन्म, S से ठीक पहले हुआ था, तो निम्नलिखित में से किस व्यक्ति का जन्म बुधवार को हुआ था?
(a) U
(b) R
(c) S
(d) T
(e) इनमे से कोई नहीं

**निर्देश (22-26): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
दस बॉक्स एक दूसरे के ऊपर रखे गए हैं। J और M के बीच में चार बॉक्स रखे गए हैं। J और K के बीच में दो बॉक्स रखे गए हैं तथा K को J से ऊपर रखा गया है। L को K के ठीक नीचे रखा गया है। L और M के बीच में बॉक्स की संख्या, M और Q के बीच में बॉक्स की संख्या के समान है। T को Q के ठीक ऊपर रखा गया है। Y को O के ठीक ऊपर रखा गया है। X को M के निकटस्थ रखा गया है। P को X के नीचे रखा गया है।

**Q22. O और L के बीच में कितने बॉक्स रखे गए हैं?**
(a) एक
(b) पाँच से अधिक
(c) चार
(d) तीन
(e) दो

**Q23. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। उसे ज्ञात कीजिए, जो इस समूह से संबंधित नहीं है?**
(a) T-Y
(b) X-L
(c) K-P
(d) Q-O
(e) M-Q

**Q24. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**
(a) L, शीर्ष स्थान से तीसरा है
(b) K और M के बीच में दो बॉक्स रखे गए हैं
(c) Q, P से ऊपर है
(d) T सबसे निचले स्थान पर रखा गया है
(e) Y और M के बीच में तीन बॉक्स रखे गए हैं

**Q25. Y का सबसे नीचे से क्या स्थान है?**
(a) सात
(b) आठ
(c) छह
(d) पांच
(e) तीन

**Q26. यदि T और O अपना स्थान परस्पर बदल लेते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन सा बॉक्स O के ठीक नीचे रखा गया है?**
(a) Y
(b) X
(c) K
(d) Q
(e) इनमे से कोई नहीं

**निर्देश (27-31): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
कुछ व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर दिशा के सम्मुख होकर बैठे हैं। L, M के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। M और N के बीच में पांच व्यक्ति बैठे हैं। J, M के निकटतम दाएं बैठा है। Q और J के बीच में तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q, N के निकट नहीं बैठा है। N एक छोर से सातवें स्थान पर है। Q के दाएं बैठे व्यक्तियों की संख्या, N के बाएं बैठे व्यक्तियों की संख्या से चार अधिक है। K एक छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है और M के दाएं बैठा है।

**Q27. उपरोक्त व्यवस्था में कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) 25
(b) 26
(c) 28
(d) 24
(e) इनमे से कोई नहीं

**Q28. यदि X और N के बीच में दो व्यक्ति बैठे हैं, तो L के संबंध में X का स्थान क्या है?**

(a) बाएं से चौथा

(b) बाएं से छठा

(c) दाएं से पाँचवां

(d) बाएं से तीसरा

(e) बाएं से सातवां

**Q29. L और J के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) पाँच

(b) इनमे से कोई नहीं

(c) सात

(d) चार

(e) तीन

**Q30. Q के संबंध में L का स्थान क्या है?**

(a) दाएं से आठवां

(b) बाएं से आठवां

(c) दाएं से छठा

(d) बाएं से पांचवां

(e) इनमे से कोई नहीं

**Q31. J के ठीक बाएं बैठे व्यक्ति के दाएं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) दस

(b) सात

(c) इनमे से कोई नहीं

(d) आठ

(e) ग्यारह

**निर्देश (32-35): इन प्रश्नों में, कथनों में विभिन्न तत्वों के बीच संबंधों को दर्शाया गया है। इन कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। उत्तर दीजिए:**

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है

(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

TEST SERIES
Bilingual
Video Solutions
IBPS
IBPS RRB 2020
Officer Scale-I
MAINS
50 TOTAL TESTS

**Q32. कथन:** Z > O = G < I ≤ S > P
**निष्कर्ष: I.** S > O **II.** P > G

**Q33. कथन:** K ≥ M > W ≥ T ≤ Y< Q
**निष्कर्ष: I.** T < Q **II.** T < K

**Q34. कथन:** J ≤ V < R > M, L> M = I ≥ H
**निष्कर्ष: I.** V ≥ H **II.** H ≤ M

**Q35. कथन:** I = H ≥ B ≥ N < D > L
**निष्कर्ष: I.** B < N **II.** L > H

**निर्देश (36-40): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

नौ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से कुछ केंद्र के सम्मुख हैं, जबकि कुछ केंद्र के बाहर के सम्मुख हैं। C, A के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो अंदर के सम्मुख है। C और G के बीच में दो व्यक्ति बैठे हैं। J, G के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। L, J के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो C के निकटस्थ नहीं बैठा है। B, L के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है और P का निकटतम पड़ोसी है। K, H के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है, जो J के निकट नहीं बैठा है। B और P दोनों A के समान दिशा के सम्मुख हैं। C और G एक-दूसरे के विपरीत दिशा के सम्मुख हैं। K बाहर के सम्मुख नहीं है।

**Q36. K के संबंध में P का स्थान क्या है?**
(a) दाएं से तीसरा
(b) बाएं से दूसरा
(c) निकटतम बाएं
(d) बाएं से तीसरा
(e) दाएं से पांचवां

**Q37. H के बाएं से गिनने पर, J और H के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) पांच
(b) छह
(c) चार
(d) एक
(e) तीन

**Q38. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। उसे ज्ञात कीजिए, जो इस समूह से संबंधित नहीं है?**
(a) C-H
(b) L-K
(c) B-J
(d) H-L
(e) B-P

**Q39. G के बाएं से गिनने पर, G और H के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) तीन

(b) पांच

(c) दो

(d) चार

(e) इनमे से कोई नहीं

**Q40. कितने व्यक्ति केंद्र के बाहर के सम्मुख हैं?**

(a) तीन


(b) चार

(c) इनमे से कोई नहीं

(d) छह

(e) पाँच

**Directions (41-46): नीचे दिया गया पाई चार्ट एक परीक्षा की छह अलग-अलग पालियों में उपस्थित हुए कुल छात्रों के प्रतिशत वितरण को दर्शाता है। नीचे दिए गए पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**




**Q41. परीक्षा की पाली I, II और IV में उपस्थित हुए छात्रों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए।**

(a) 1040

(b) 900

(c) 720

(d) 1140

(e) 880

**Q42.** परीक्षा की पाली II में उपस्थित हुए छात्रों के लिए केंद्रीय कोण ज्ञात कीजिए।
(a) 64.2°
(b) 48°
(c) 57.6°
(d) 43.6°
(e) 52.8°




**Q43.** परीक्षा की पाली V और VI में मिलाकर उपस्थित हुए छात्रों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 1740
(b) 1600
(c) 1820
(d) 1960
(e) 1540

**Q44.** परीक्षा की पाली III और IV में मिलाकर उपस्थित हुए छात्र, परीक्षा के पाली I में उपस्थित हुए छात्रों से कितने प्रतिशत अधिक या कम है?
(a) 90%
(b) 80%
(c) 70%
(d) 50%
(e) 60%

**Q45.** परीक्षा की पाली IV और VI में मिलाकर उपस्थित हुए छात्रों का परीक्षा की पाली II और III में मिलाकर उपस्थित हुए छात्रों से अनुपात ज्ञात कीजिए।
(a) 3:4
(b) 5:7
(c) 4:3
(d) 7:5
(e) इनमे से कोई भी नहीं

**Q46.** परीक्षा की पाली I और VI में मिलाकर उपस्थित हुए छात्र, परीक्षा की पाली III और V में मिलाकर उपस्थित हुए छात्रों से कितने अधिक या कम है?
(a) 330
(b) 150
(c) 360
(d) 280
(e) 220

**Q47.** **एक पात्र में क्रमश: 7:1 के अनुपात में दूध और पानी मिश्रण है। पात्र में से 24 लीटर मिश्रण निकाल लिया जाता है। यदि पात्र में दूध की शेष मात्रा 56 लीटर है, तो आरम्भ में पात्र में पानी की मात्रा ज्ञात कीजिए।**
(a) 11 लीटर
(b) 15 लीटर
(c) 12 लीटर
(d) 9 liters
(e) 8 liters

**Q48.** **A और B मिलकर, एक कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकते हैं। समान कार्य को पूरा करने के लिए A अकेले द्वारा लिया गया समय, समान कार्य को पूरा करने के लिए B अकेले द्वारा लिए गए समय से 7.5 दिन कम है। B अकेले कितने दिनों में कार्य का $\frac{2}{9}$ भाग पूरा करेगा?**
(a) 8 दिन
(b) 6 दिन
(c) 7 दिन
(d) 5 दिन
(e) 4 दिन

**Q49.** **4 वर्ष बाद A और B की आयु का अनुपात क्रमशः 8: 9 है। यदि A और B की वर्तमान आयु का औसत 47 वर्ष हैं, तो A और B की वर्तमान आयु में अंतर ज्ञात कीजिए।**
(a) 5 वर्ष
(b) 6 वर्ष
(c) 3 वर्ष
(d) 2 वर्ष
(e) 4 वर्ष

**Q50.** **एक विद्यालय में कुल छात्रों (लड़कों + लड़कियों) में से 75% लड़के हैं तथा विद्यालय के 39% छात्र पिकनिक पर गए हैं। यदि कुल लड़कों का 32% पिकनिक पर गया है, तो ज्ञात कीजिए, कुल लड़कियों का कितना प्रतिशत पिकनिक पर गया था?**
(a) 60%
(b) 90%
(c) 75%
(d) 80%
(e) 50%

**Q51.** **अनुभाग A और B में एक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या क्रमशः 240 और 210 हैं। यदि अनुभाग A में कुल छात्रों का 40% अनुत्तीर्ण हो जाता है तथा अनुभाग B में कुल छात्रों का 30% अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो अनुभाग A और B में छात्रों की कुल संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।**
(a) 40
(b) 80
(c) 150
(d) 120
(e) 100

**Directions (52-56):** दिए गए प्रश्नों में, दो समीकरण (I) और (II) दिए गए हैं। दोनों समीकरणों को हल कीजिए और तदनुसार उत्तर अंकित कीजिए।


**Q52. I.** $x^2 + 9x + 20 = 0$
**II.** $8y^2 - 15y + 7 = 0$
(a) $x < y$
(b) $x > y$
(c) $x \leq y$
(d) $x \geq y$
(e) $x = y$ या कोई सम्बन्ध नहीं

**Q53. I.** $x^2 - 11x + 30 = 0$
**II.** $y^2 + 12y + 36 = 0$
(a) $x < y$
(b) $x > y$
(c) $x \leq y$
(d) $x \geq y$
(e) $x = y$ या कोई सम्बन्ध नहीं

**Q54. I.** $x^2 + 13x + 40 = 0$
**II.** $y^2 + 7y + 10 = 0$
(a) $x < y$
(b) $x > y$
(c) $x \leq y$
(d) $x \geq y$
(e) $x = y$ या कोई सम्बन्ध नहीं

**Q55. I.** $x^2 - 20x + 91 = 0$
**II.** $y^2 + 16y + 63 = 0$
(a) $x < y$
(b) $x > y$
(c) $x \leq y$
(d) $x \geq y$
(e) $x = y$ या कोई सम्बन्ध नहीं

**Q56. I.** $x^2 - x - 12 = 0$
**II.** $y^2 + 5y + 6 = 0$
(a) $x < y$
(b) $x > y$
(c) $x \leq y$
(d) $x \geq y$
(e) $x = y$ या कोई सम्बन्ध नहीं



**Directions (57-62): नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

तालिका 1999 और 2000 में 3 अलग-अलग विद्यालयों में छात्रों की कुल संख्या के बारे में जानकारी देती है तथा 1999 और 2000 में इन 3 स्कूलों में लड़कियों की कुल संख्या के बारे में भी जानकारी देती है।

| **विद्यालय** | **वर्ष** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **1999** | | **2000** | |
| | **कुल छात्र** | **कुल लड़कियां** | **कुल छात्र** | **कुल लड़कियां** |
| **A** | 720 | 360 | 900 | 450 |
| **B** | 360 | 180 | 600 | 180 |
| **C** | 450 | 270 | 400 | 120 |

**नोट:** किसी भी वर्ष में किसी भी विद्यालय में कुल छात्र = उस वर्ष में उस विद्यालय में कुल (लड़के + लड़कियां)।

**Q57. यदि 1999, 2000 और 2001 में विद्यालय A में छात्रों की औसत संख्या 700 है, तो 2001 में विद्यालय A में छात्रों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।**
(a) 540
(b) 480
(c) 420
(d) 600
(e) 360

**Q58. 2000 में विद्यालय A और B में मिलाकर लड़कियों की संख्या, 2000 में B और C में मिलाकर छात्रों की कुल संख्या से कितने प्रतिशत अधिक या कम है?**
(a) 27%
(b) 42%
(c) 37%
(d) 30%
(e) 45%

**Q59. 1999 में विद्यालय A, B और C में मिलाकर लड़कों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।**
(a) 720
(b) 640
(c) 680
(d) 760
(e) 800

**Q60. 1999 में विद्यालय A, B और C में मिलाकर छात्रों की औसत संख्या, 2000 में विद्यालय-B में कुल छात्रों का कितना प्रतिशत है?**
(a) 95%
(b) 85%
(c) 75%
(d) 55%
(e) 65%

**Q61. 2000 में विद्यालय B में लड़कों की संख्या का 2000 में विद्यालय C में लड़कों की संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए।**
(a) 5:4
(b) 4:5
(c) 2:3
(d) 3:2
(e) इनमे से कोई भी नहीं

**Q62. 1999 में विद्यालय A, B और C में मिलाकर लड़कियों की कुल संख्या, 2000 में विद्यालय A, B और C में मिलाकर में लड़कियों की कुल संख्या से कितना अधिक या कम हैं?**
(a) 140
(b) 60
(c) 180
(d) 90
(e) 100

**Directions (63-67): निम्नलिखित प्रश्नों में, मात्रा I और मात्रा II की गणना कीजिए, उनकी तुलना कीजिए और निम्नलिखित विकल्पों के अनुसार उत्तर दीजिये।**
(a) यदि मात्रा I > मात्रा II
(b) यदि मात्रा I < मात्रा II
(c) यदि मात्रा I ≥ मात्रा II
(d) यदि मात्रा I ≤ मात्रा II
(e) यदि मात्रा I = मात्रा II या कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता है

**Q63. मात्रा I:** 20% के लाभ पर 450 रुपये में एक वस्तु बेचने पर अर्जित लाभ
**मात्रा II:** 20% के लाभ पर 84 रुपये में बेचा गया वस्तु का क्रय मूल्य

**Q64. एक गाँव में 60% पुरुष हैं तथा शेष महिलाएँ हैं। यहाँ 30% निरक्षर पुरुष और 25% निरक्षर महिलाएं हैं। निरक्षर पुरुषों की संख्या 1152 हैं।**
**मात्रा I:** साक्षर महिलाएं
**मात्रा II:** 1940

**Q65. एक व्यक्ति ने साधारण ब्याज पर 12% वार्षिक दर से P रु. किए।**
**मात्रा I:** यदि दूसरे वर्ष के अंत में उसे ब्याज के रूप में 1200 रुपये प्राप्त होते हैं, तो P ज्ञात कीजिए।
**मात्रा II:** 6000 रु.

**Q66. एक आयताकार खेत की जुताई की लागत 3 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से 288 रु. है। खेत की लंबाई, खेत की चौड़ाई से 4 मीटर अधिक है।**
**मात्रा I:** आयत की लंबाई
**मात्रा II: 12** मीटर।

**Q67. मात्रा I:** शिवम और प्रशांत की वर्तमान आयु का योग 32 वर्ष हैं तथा शिवम, प्रशांत से 8 वर्ष बड़ा है। प्रशांत की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**मात्रा II:** 15 वर्ष।

**Q68. 'A', 4000 रु. का निवेश करता है और 'B', 'A' से 1000 रु. अधिक का निवेश करता है। आठ महीने बाद 'C', 3000 रु. का निवेश करता है। यदि वर्ष के अंत में 'C' को 700 रु. लाभ प्राप्त होते है, तो कुल लाभ ज्ञात कीजिए।**

(a) 7000 रु.

(b) 8400 रु.

(c) 5600 रु.

(d) 8800 रु.

(e) 6400 रु.

**Q69. एक 440 मीटर लंबी ट्रेन 80 सेकंड में एक प्लेटफार्म को पार करती है। यदि ट्रेन की गति में 3 मीटर/सेकंड की वृद्धि होती है, तो यह एक खम्बें को 22 सेकंड में पार करती है। प्लेटफ़ॉर्म की लंबाई ज्ञात कीजिए।**

(a) 720 मी

(b) 840 मी

(c) 700 मी

(d) 920 मी

(e) 900 मी

**Q70. एक वस्तु का विक्रय मूल्य 2160 हो जाता है जब उसपर x% और 25% की दो क्रमागत छूट दी जाती है तथा वस्तु का अंकित मूल्य 3600 रु. है। यदि दो क्रमागत छूट देने के बाद वस्तु को बेचने पर x% का लाभ होता है, तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।**

(a) 1720 रु.

(b) 1500 रु.

(c) 1600 रु.

(d) 1800 रु.

(e) 1900 रु.

**Q71. एक थैले में तीन 5 हरी, 7 नीली और 3 लाल रंग की गेंद हैं। यदि थैले में से 2 गेंद यादृच्छिक रूप से चुनी जाती हैं, तो कम से कम एक हरे रंग गेंद आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।**

(a) $\frac{1}{9}$

(b) $\frac{2}{7}$

(c) $\frac{3}{8}$

(d) $\frac{3}{5}$

(e) $\frac{4}{7}$

**Q72. शांत जल में नाव की गति, धारा की गति का छह गुना है। यदि नाव धारा के प्रतिकूल 7 घंटे में 210 किमी की दूरी तय करती है, तो नाव की धारा के अनुकूल की गति ज्ञात कीजिए।**
(a) 42 किमी/घंटा
(b) 36 किमी/घंटा
(c) 30 किमी/घंटा
(d) 32 किमी/घंटा
(e) 24 किमी/घंटा

**Q73. आयत 'A' की लंबाई इसकी चौड़ाई का 125% है तथा आयत 'A' का क्षेत्रफल 1280 वर्ग सेमी है। यदि आयत 'A' की चौड़ाई, एक वर्ग की भुजा की आधी है, तो वर्ग का परिमाप ज्ञात कीजिए।**
(a) 72 मी
(b) 64 मी
(c) 84 मी
(d) 96 मी
(e) 60 मी

**Q74. 45 लड़कियों वाली एक कक्षा का औसत भार 53 किग्रा है। बाद में ज्ञात होता है कि दो लड़कियों का भार 45 किग्रा और 52 किग्रा के बजाय 49 किग्रा और 57 किग्रा पढ़ लिया गया था। कक्षा का वास्तविक औसत भार ज्ञात कीजिए।**
(a) 54 किग्रा
(b) 53.40 किग्रा
(c) 50.6 किग्रा
(d) 52.80 किग्रा
(e) 51.5 किग्रा

**Directions (75-80): निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में (?) का मान ज्ञात कीजिए?**

**Q75. 1.5, 3, 12, 72, 576, ?**
(a) 5480
(b) 5620
(c) 5580
(d) 5340
(e) 5760

**Q76. 80, 66, 85, 61, 90, ?**
(a) 50
(b) 56
(c) 64
(d) 60
(e) 63

**Q77. 163, ?, 43, 23, 13, 8**

(a) 92
(b) 83
(c) 78
(d) 54
(e) 69

**Q78. 150, 152, 157, 167, 184, ?**

(a) 229
(b) 245
(c) 232
(d) 210
(e) 206

**Q79. 3.5, 2.5, 3, 6, 20, ?**

(a) 95
(b) 80
(c) 65
(d) 75
(e) 90

**Q80. 6300, ?, 525, 105, 17.5, 2.5**

(a) 2400
(b) 2100
(c) 4200
(d) 5200
(e) 3600

TEST SERIES
Bilingual
Video Solutions
IBPS 2020
PO + CLERK
PRIME
270 + Total Tests | eBooks

adda247
publications

BOOKS




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**